यदि आपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग प्रदान करने वाली
फ़्रेट फ़ॉर्वर्डिंग सेवाएं खरीदीं थीं,
तो आपको $197.6 मिलियन के निपटारे से लाभ मिल सकते हैं

यदि आप या आपकी कंपनी ने कुछ निश्चित फ़्रेट फॉर्वर्डर्स की सेवाएं प्रयोग कीं थीं, तो आप संभावित रूप से वर्ग कार्यवाही निपटारों में से उल्लेखनीय नकद भुगतान के पात्र हो सकते हैं। इस प्रकरण में यह दूसरा नोटिस है। अब तक 19 अतिरिक्त प्रतिवादियों के साथ निपटारे (समझौते) हो चुके हैं। पहले 10 प्रतिवादियों के साथ निपटारे हुए थे।

निपटारों में एक अभियोग शामिल है जिसमें यह दावा किया गया है कि कुछ फ़्रेट फ़ॉर्वर्डिंग कंपनियां विश्वभर की अपनी फ़्रेट फ़ॉर्वर्डिंग सेवाओं, जिनमें यू.एस. के मार्गों और चीन, हांग कांग, जापान, ताईवान, भारत, जर्मनी, यू.के. तथा यूरोप के अन्य भागों एवं यू.एस. के बीच के मार्गों की सेवाएँ शामिल हैं, के मूल्यों पर गुप्त रूप से सहमत हुई थीं। कुछ कंपनियों (“निपटानकर्ता प्रतिवादी”), जिन पर अभियोग दर्ज किया गया था, ने निपटारे पर सहमति दे दी है (नीचे सूची देखें)। निपटानकर्ता प्रतिवादियों ने इस बात से इनकार किया है कि उन्होंने कुछ भी गलत किया था। गैर-निपटानकर्ता प्रतिवादियों के विरुद्ध अभियोग जारी है।

फ़्रेट फ़ॉर्वर्डर वायु एवं महासागरों के माध्यम से वस्तुओं के संगठन या परिवहन से संबंधित शिपमेंट के लिए परिवहन या सुप्रचालन (लॉजिस्टिक) सेवाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर प्रदान करते हैं, जिनमें सहायक रेल व ट्रक सेवाएं शामिल हो सकती हैं, तथा साथ में संबंधित गतिविधियां जैसे कस्टम मंजूरी (क्लियरेंस), गोदाम में भंडारण एवं ज़मीनी सेवाएं भी प्रदान करते हैं।

किस-किसको शामिल किया गया है

आप एक या अधिक निपटारों में (वर्ग के सदस्य के रूप में) शामिल हो सकते हैं यदि: 1) आपने प्रत्यक्ष तौर पर फ़्रेट फ़ॉर्वर्डिंग सेवाएं खरीदीं थीं; 2) निपटानकर्ता या गैर-निपटानकर्ता प्रतिवादियों में से किसी से भी या उनकी किसी अनुषंगी कंपनी या संबद्धों से; 3) 1 जनवरी, 2001 से लेकर 4 जनवरी, 2011 तक; 4) यू.एस. के अंदर या यू.एस. को या यू.एस. से जाने वाले शिपमेंटों के लिए यू.एस. में या यू.एस. से बाहर। आपको जो कुछ भी जानना जरूरी है वह संपूर्ण नोटिस में मौजूद है जो कि निपटारे की वेबसाइट: www.FreightForwardCase.com, पर उपलब्ध है जिसमें यह जानकारी भी शामिल है कि कौन-कौन वर्ग का सदस्य है और कौन-कौन नहीं।

निपटारों से क्या मिलता है?

निपटानकर्ता प्रतिवादी न्यूनतम $197.6 मिलियन की राशि से एक निपटान निधि स्थापित करेंगे। आपके लाभों की राशि का निर्धारण आबंटन योजना द्वारा किया जाएगा जो कि निपटारे की वेबसाइट www.FreightForwardCase.com पर उपलब्ध है। इस नोटिस के साथ एक दावा प्रपत्र प्रदान किया गया है।

लाभ कैसे प्राप्त करें?

आपको निपटारों से भुगतान पाने के लिए संलग्न प्रपत्र को **31 मार्च, 2016** तक जमा करना होगा। आप नीचे सूचीबद्ध वेबसाइट पर भी दावा दर्ज कर सकते हैं। यदि आप निपटारों के पहले चक्र के लिए पहले ही दावा प्रपत्र जमा कर चुके हैं, तो आपको नया दावा दर्ज करने की ज़रूरत नहीं है। आपको निपटारों के इस दूसरे चक्र से भुगतान स्वतः ही मिल जाएगा।

आपके अन्य अधिकार

यदि आप कुछ नहीं करते हैं तो भी आप न्यायालय के निर्णयों से बाध्य हैं। यदि आप किसी निपटानकर्ता प्रतिवादी पर अभियोग चलाने के अपने अधिकार को अपने पास रखना चाहते हैं, तो आपको इस निपटारे से स्वयं को **18 सितंबर, 2015** तक अलग कर लेना होगा। यदि आप किसी विशिष्ट निपटारे में रुके रहते हैं, तो आप **18 सितंबर, 2015** तक उस पर आपत्ति कर सकते हैं। वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत नोटिस समझाता है कि आप स्वयं को कैसे अलग कर सकते हैं और कैसे आपत्ति कर सकते हैं।

न्यायालय ने आपके प्रतिनिधित्व के लिए आप पर किसी भी प्रभार के बिना अधिवक्ता नियुक्त किए हैं। आप अपनी स्वयं की लागत पर अपना स्वयं का अधिवक्ता नियुक्त कर सकते हैं। निम्नांकित किया जाए या नहीं इस पर विचार के लिए न्यायालय **2 नवंबर, 2015** को सुनवाई करेगा: (1) निपटारों को अनुमोदित करना और (2) अभियोजन व्ययों के लिए निपटान निधि के अधिकतम 33% अंश तक के अधिवक्ता शुल्क एवं ब्याज तथा प्रतिपूर्ति के अनुरोध को अनुमोदित करना। आप या आपका स्वयं का अधिवक्ता सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं। इस वाद के समापन पर वर्ग (क्लास) काउंसेल न्यायालय से वर्ग हेतु निधि की पुनःप्राप्ति करने में प्रत्येक वर्ग प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त सेवाओं के मानार्थ प्रत्येक वर्ग प्रतिनिधि को अधिकतम $75,000 की राशि प्रदान करने को कह सकता है। ऐसे किसी भी अनुरोध की नोटिस www.FreightForwardCase.com वेबसाइट पर प्रदान की जाएगी।

यह नोटिस मात्र एक सारांश है। विस्तृत जानकारी के लिए कॉल करें:
यू.एस. व कैनेडा में कॉल करें: 1-877-276-7340 (टोल-फ्री) अंतर्राष्ट्रीय: 1-503-520-4400 (टोल-युक्त)
या www.FreightForwardCase.com पर आएं

N6971 v.01 06.30.2015

“निपटानकर्ता प्रतिवादी” अग्रांकित हैं: SDV Logistique Internationale (“SDV”); Panalpina World Transport (Holding) Ltd. एवं Panalpina, Inc. (“Panalpina”); Geodis S.A. एवं Geodis Wilson USA, Inc. (“Geodis”); DSV A/S, DSV Solutions Holding A/S, एवं DSV Air & Sea Ltd. (“DSV”); Jet Speed Logistics, Ltd., Jet-Speed Air Cargo Forwarders Inc. (USA), एवं Jet Speed Logistics (USA), LLC (“Jet Speed”); Toll Global Forwarding (USA), Inc., Baltrans Logistics, Inc., एवं Toll Holdings, Ltd. (“Toll”); Agility Holdings, Inc., Agility Logistics Corp., Geologistics Corp., एवं Geologistics International Management (Bermuda) Limited (“Agility”); United Parcel Service, Inc. एवं UPS Supply Chain Solutions, Inc. (“UPS”); Dachser GmbH & Co., KG, जो Dachser Intelligent Logistics, एवं Dachser Transport of America, Inc. (“Dachser”) के रूप में व्यापार कर रहे हैं; Deutsche Post AG, Danzas Corporation, DHL Express (USA) Inc., DHL Global Forwarding Japan K.K., DHL Japan Inc., Exel Global Logistics, Inc., एवं Air Express International USA, Inc. (“DHL”), केवल विच्छेदित, जापानी दावों के लिए; Hankyu Hanshin Express Holding Corporation f/n/a Hankyu Express International Co., Ltd. एवं उनकी अनुषंगी कंपनी, Hankyu Hanshin Express Co., Ltd., एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी, Hanshin Air Cargo USA, Inc. (“Hankyu Hanshin”); Japan Aircargo Forwarders Association (“JAFA”); Kintetsu World Express, Inc. एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी, Kintetsu World Express (U.S.A), Inc. (“Kintetsu”); “K” Line Logistics, Ltd., एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी “K” Line Logistics (U.S.A.), Inc. (““K” Line”); MOL Logistics (Japan) Co., Ltd., एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी MOL Logistics (USA) Inc. (“MOL Logistics”); Nippon Express Co., Ltd. एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी, Nippon Express USA, Inc. (“Nippon Express”); Nissin Corporation एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी, Nissin International Transport U.S.A., Inc. (“Nissin”); Yamato Global Logistics Japan Co., Ltd., एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी, Yamato Transport U.S.A. Inc. (“Yamato”); Yusen Air & Sea Service Co., Ltd. एवं उनकी यू.एस. अनुषंगी कंपनी, Yusen Air & Sea Service (U.S.A.), Inc. (“Yusen”).